Date ______
Page ______

# DR. HARI SINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR, MP

(A Central University)

Department of COMMERCE

Second MID Semester Exam's Assignment

on

## पतंजलि आयुर्वेदिक उत्पादों के व्यावसायिक विकास का अध्ययन

(Dissertation / project work)

[Com-Cc-421]

Submitted as per 75% of syllabus

M. Com IVth Semester

Session 2020-21

Submitted By
YOGESH KUSHWAHA
Y19281035
Yogesh

Submitted To
Dr. D.K. NEMA sir

# Index (अनुक्रमणिका)


| SR. No. | Topic | PAGE No. | Remark/ Signature |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रस्तावना (Introduction) | 1 | (29/04/21) |
| 2. | Review of Literature (अवलोकन) | 7 | (12/06/21) |
| 3. | उद्देश्य (objective) | 8 | (01/05/21) |
| 4. | पतंजलि आयुर्वेद कंपनी का अवलोकन | 8 | (13/06/21) |
| 5. | महत्व (Importance) | 12 | (03/05/21) |
| 6. | शोध प्रविधि (Research Methodology) | 17 | (11/06/21) -(14/06) |
| 7. | Data का विश्लेषण व प्रदर्शन | 21 | (14/06/21) |
| 8. | मुख्य खोज (Major Finding) | 27 | (14/06/21) |
| 9. | पतंजलि को प्रभावित करने वाले तत्व | 29 | (13/06/21) |
| 10. | पतंजलि आयुर्वेद का भविष्य सूचीपत्र | 31 | (13/06/21) |
| 11. | सारांश (Summary) | 32 | (14/06/21) |
| 12. | निष्कर्ष (Conclusion) | 33 | (14/06/21) |
| 13. | WEBLIOGRAPHY (संदर्भ सूची) | 37 | (14/06/21) |
| 14. | DISSERTATION QUESTIONNAIRES | 40 | (14/06/21) |

41928L035
Yogesh Kushwaha



Date ______
Page ______

Title : पतंजलि आयुर्वेदिक उत्पादों के व्यावसायिक विपणन का अध्ययन :

• प्रस्तावना (Introduction) :- पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड भारतीय आयुर्वेदिक औषधि कंपनी है। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड भारत प्रांत के उत्तराखंड राज्य के हरिद्वार जिले में स्थित आधुनिक उपकरणों वाली एक औद्योगिक इकाई है। इस औद्योगिक इकाई की स्थापना शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण खनिज और हर्बल उत्पादों के निर्माण हेतु की गयी है।

पतंजलि आयुर्वेद की स्थापना सन् 2006 में हुई थी। वर्तमान में पतंजलि आयुर्वेद आयुर्वेदिक औषधियों और विभिन्न खाद्य पदार्थों का उत्पादन करती है। भारत के साथ-साथ विदेशों में भी इसकी इकाईयाँ बनाने की योजना है। इस संदर्भ में नेपाल में कार्य प्रारम्भ हो चुका है। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड पूरी तरह से स्वदेशी (भारतीय) कंपनी है। पतंजलि की वस्तुएँ वस्तुतः जड़ी बूटी और प्राकृतिक चीजों से बनी हैं। भारतीय बाजार में आज पतंजलि आयुर्वेद की मजबूत पकड़ है जो कि बाजार में मौजूद विभिन्न विदेशी कंपनियों को कड़ी टक्कर दे रही है। बाबा रामदेव के नेतृत्व में पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड शायद ही कुछ ऐसा हो जो न बनाती हो। खाद्य सामग्री से लेकर पतंजलि के सौंदर्य उत्पाद और औषधियों तक बाजार में उपलब्ध हैं।